खातेदारों की सहमति से रास्ता मंजूर कर दो रेवन्यू गांव सालासर-हेमासर को जोड़ा

बीकानेर,(कासं)। संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा ने शनिवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अंतर्गत श्रीडूंगरगढ़ तहसील की ग्राम पंचायत ऊपनी और कल्याणसर नया में आयोजित शिविर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मीणा ने अधिकारियों से कहा कि राज्य सरकार की ओर से लगाये जा रहे शिविरों के जरिए आमजन को अधिकतम लाभ पहुंचाएं।

मीणा ने दोनों ही जगह पौधरोपण किया। साथ ही सॉयल हेल्थ कार्डों का वितरण भी किया। उन्होंने किसानों से कहा कि सॉयल हेल्थ कार्ड के जरिए उन्हें जमीन में कमी को लेकर जो जानकारी प्राप्त होती है। उसकी भरपाई को लेकर कृषि विभाग के अधिकारियों से पूरी जानकारी लें। संभागीय आयुक्त ने वन विभाग के अधिकारियों को नर्सरी से पौधे वितरण करने के निर्देश भी दिए। ऊपनी में टीबी की पोषण किट का वितरण किया।

संभागीय आयुक्त ने उद्यानिकी विभाग की स्वीकृतियां भी किसानों को जारी की। साथ ही मौके पर ही तहसीलदार से खाता विभाजन भी करवाया। एसडीएम उमा मित्तल ने बताया कि शुक्रवार को शिविर में सहमति से एक रास्ता मंजूर कर दो रेवन्यू विलेज को जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य भी किया गया। जिसकी सभी ग्रामवासियों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की।

श्रीडूंगरगढ़ के ग्राम पुन्दलसर में आयोजित शिविर के दौरान उपखंड अधिकारी उमा मित्तल को ग्रामीणजनों ने बताया कि ग्राम सालासर से हेमासर तक कोई कटानी रास्ता न होने के कारण पुन्दलसर या श्रीडूंगरगढ से होकर जाना पड़ता है। जिससे अनावश्यक रूप से विलम्ब होता है। सालासर से हेमासर तक सीधा कटानी रास्ता कायम करवा समस्या का समाधान किया जा सकता है। इससे ग्राम वासियों के लिए 6 किलोमीटर की दूरी कम हो जायेगी। ग्राम पंचायत पुन्दलसर द्वारा भी आवेदन दिया गया।

उपखण्ड अधिकारी ने ग्रामीणजनों की पीड़ा समझते हुए शिविर सह नोडल प्रभारी अधिकारी नायब तहसीलदार विनोद कुमार से रास्ते में पड़ने वाले खेतों के खातेदारों से समझाइश, कर प्रस्ताव तैयार करने हेतु निर्देश दिए। पटवारी हल्का और गिरदावर हल्का द्वारा रिकार्ड व मौका अनुसार तैयार किया गया। खातेदारों ने प्रस्तावों पर अपनी सहमति नायब तहसीलदार के समक्ष दी। शिविर सह प्रभारी ने प्रस्ताव पर अपनी अनुशंषा दी। उपखण्ड अधिकारी ने अविलम्ब इस प्रस्ताव को स्वीकृत कर दिया। बरसों से लंबित इस समस्या का निस्तारण करने पर ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री व प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

एडीएम ने किया शिविरों का निरीक्षण : एडीएम प्रशासन रामावतार कुमावत ने शनिवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अंतर्गत श्रीडूंगरगढ़ तहसील की ग्राम पंचायत ऊपनी, कल्याणसर नया और जाखासर में आयोजित शिविर का निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत उपनी में एडीएम प्रशासन ने राजस्व विभाग से संबंधित नायब तहसीलदार को विभिन्न न्यायालयों से प्राप्त नोटिस शिविर स्थल पर लाने तथा उनकी शत-प्रतिशत तामील करना सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए। जलदाय विभाग के उपखंड स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि ग्राम में विभाग की टंकियां की सफाई करवाई जाए। शिविर स्थल पर ई-मित्र संचालक को निर्देशित किया गया कि ई-मित्र के माध्यम से होने वाले कार्यों की सूची शिविर में प्रदर्शित की जाए ताकि ग्रामीणों को होने वाले कार्यों की जानकारी प्राप्त हो सके।

ग्रामीणों द्वारा ग्राम बाना में बारिश के समय पानी भरने की शिकायत पर कुमावत ने उपखण्ड अधिकारी को संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर उक्त समस्या का नियमानुसार समाधान करने के निर्देश दिए। कुमावत ने ग्राम पंचायत कल्याणसर नया में निरीक्षण के दौरान खेत का रास्ता बंद होने संबंधी परिवाद प्राप्त होने पर मौके पर मौजूद पटवारी को रास्ते का मौका निरीक्षण कर खुलवाकर पालना रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। वन विभाग को शिविर में पौधों का वितरण मौके पर करवाने के निर्देश प्रदान किए गए। परिवादी द्वारा 11 केवी लाइन के ढीले तारों की शिकायत पर कुमावत ने विद्युत विभाग के उपखण्ड स्तरीय अधिकारी को आज ही ढीले तारों को कसवा कर रिपोर्ट करने व परिवाद का निस्तारण करने के निर्देश प्रदान किए गए।

बीकानेर संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा ने कल्याणसर गांव में आयोजित शिविर का निरीक्षण कर सॉयल हैल्थ कार्ड वितरित किए।

■ ग्राम सालासर से हेमासर तक कोई कटानी रास्ता न होने से पुन्दलसर या श्रीडूंगरगढ से होकर 6 किमी. का फेर खाकर जाना पड़ता था

पीबीएम में युवक से मारपीट

बीकानेर, (कासं)। पीबीएम अस्पताल के बच्चा वार्ड में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब दो युवक झगड़े की नीयत से अस्पताल परिसर में घुस आए और एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला करने की कोशिश की। हमले के पीछे पुरानी रंजिश बताई जा रही है।

सदर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हालात संभाले, लेकिन आरोपी युवक फरार हो गए। घटना के बाद मौके पर पहुंची सदर थाना पुलिस ने तत्काल कार्रवाई शुरू की। हैड कांस्टेबल मंजू चौधरी ने बताया कि हमला करने आये युवक देशनोक क्षेत्र के रहने वाले हैं। प्रारंभिक जांच में मामला पुरानी रंजिश का प्रतीत हो रहा है, लेकिन अभी तक कोई ठोस निष्कर्ष नहीं निकला है। पुलिस ने हमले के शिकार व्यक्ति को थाने लाकर पूछताछ शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार पीड़ित व्यक्ति अपने रिश्तेदार के बीमार बच्चे से मिलने अस्पताल आया था। तभी आरोपी युवक वहां पहुंचे और तू-तड़ाक और मारपीट की। स्वास्थ्य सेवा केन्द्र में हुई यह हिंसक घटना अस्पताल में भर्ती मरीजों, बच्चों और तीमारदारों के लिए भय का कारण बन गई। अस्पताल जैसी जगह पर इस तरह की घटनाएं न केवल स्वास्थ्य सेवाओं को बाधित करती हैं, बल्कि मरीजों की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े करती हैं।

पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान जुटाने शुरू कर दिए हैं। जल्द ही आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी की कार्रवाई की जायेगी। अस्पताल प्रशासन इस मामले में फिलहाल चुप्पी साधे हुए है, लेकिन यह घटना एक बार फिर स्वास्थ्य संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलती है।

सार-समाचार

मैडल विजेता मुक्केबाज का स्वागत

मैडल विजेता मुक्केबाज अर्जुन व कोच राजेन्द्र सिंह राठौड़ का बीकानेर पहुंचने पर स्वागत किया।

बीकानेर, (कासं)। बॉक्सिंग फैडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) द्वारा आयोजित 19 से 25 जून तक राष्ट्रीय मुक्केबाजी अकादमी, रोहतक, हरियाणा में 6 वीं जूनियर बालक और बालिका नेशनल बॉक्सिंग चैम्पियनशिप 2025 का आयोजन किया गया। जिसमें अर्जुन ने सिल्वर मैडल जीत बीकानेर को गौरवान्वित किया। बॉक्सिंग कोच राजेन्द्र सिंह राठौड़ की कड़ी मेहनत का ही परिणाम है कि आज बीकानेर के बॉक्सर अर्जुन में पदक प्राप्त किया है। अर्जुन बॉक्सिंग कोच राजेन्द्र सिंह राठौड़ का नियमित प्रशिक्षु है। बॉक्सिंग कोच राजेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि अर्जुन इससे पहले भी अनेक मुक्केबाजी प्रतियोगिताओं में मैडल जीत चुके है ओर बीकानेर का नाम रोशन कर रहे हैं। बीकानेर पहुंचने पर सैकड़ों खेल प्रेमियों व बीकानेर वासियों ने स्वागत किया। स्वागत कर्ताओं में कबड्डी संघ के अध्यक्ष महेन्द्र कुमार व्यास, कुश्ती कबड्डी संघ के सचिव जगन पूनिया, ब्लॉसम इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर प्रदीप सिंह शेखावत, राजपाल कुलहरी, दिलीप सिंह माचरा, मकबूल हुसैन सोढ़ा, कबड्डी संघ के सचिव सीए जितेन्द्र सिंह राठौड़, डॉ रामकरण सांगवा, सीताराम सियाग एवं सभी खिलाड़ियों ने अर्जुन व कोच राजेन्द्र सिंह राठौड़ का भव्य स्वागत किया व शुभकामनाएं दी।

साध्वी जिनबाला का भीनासर में प्रवेश

बीकानेर, (कासं)। युगप्रधान आचार्य महाश्रमण की सुशिष्या साध्वी जिनबाला मसा का अध्यात्म रैली के साथ भीनासर के तेरापंथ भवन में चातुर्मासिक प्रवेश हुआ। श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा भीनासर के अध्यक्ष विशाल सेठिया ने बताया कि इस चातुर्मास में साध्वी जिनबाला ठाणा-4, साध्वी करूणाप्रभा, साध्वी भव्यप्रभा एवं साध्वी प्राची प्रभा यहां विराजित रहेंगी। प्रवेश के साथ ही साध्वी जिनबाला ने कहा कि यह स्वागत त्याग, श्रद्धा व समर्पण तथा भैक्षव शासन का है। हम गुरू की डोर से बंधे हैं इसलिए स्वागत हो रहा है। उन्होंने कहा कि जो गुरु की आज्ञा का पालन करते हैं वो सदैव सफलता की ओर बढ़ते हैं।

गर्मी और उमस ने किया परेशान

बीकानेर, (कासं)। यहां मानसून अब तक मेहरबान नहीं है। बादलों की आवाजाही रहती है लेकिन बारिश नहीं होती। पिछले तीन-चार दिन से चल रही उमस ने जनजीवन पूरी तरह प्रभावित है। तापमान भले ही कम रहा है लेकिन गर्मी ने हर किसी को परेशान किया हुआ है। बीते 24 घंटे में बीकानेर में अधिकतम तापमान में करीब 2 डिग्री सेल्सियस की कमी आई है। पारा 38.2 डिग्री सेल्सियस के अधिकतम स्कोर पर पहुंचा। वहीं न्यूनतम तापमान 27.6 डिग्री सेल्सियस रहा। तापमान में गिरावट का कारण बादलवाही रही लेकिन इसके बाद भी बादल नहीं बरसे। मौसम विभाग ने बीकानेर संभाग में बारिश की संभावना जताई है। माना जा रहा है कि संभाग के श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ क्षेत्र में बारिश हो सकती है। मानसून को लेकर मौसम विभाग की ओर से जारी सैटेलाइट चित्र में भी बीकानेर के ऊपर बादल नजर नहीं आ रहे हैं। फिलहाल बारिश की उम्मीद नजर नहीं आ रही। ऐसे में शनिवार का दिन भी उमस से परेशान होकर ही गुजारना पड़ सकता है। पूर्वी राजस्थान में कई स्थानों पर मेघ गर्जना के साथ हल्की से मध्यम बरसात दर्ज की गई है। पश्चिमी राजस्थान में कुछ स्थानों पर मेघगर्जना के साथ हल्की से मध्यम वर्षा व कहीं कहीं भारी दर्ज की गई राज्य में सर्वाधिक अधिकतम तापमान श्रीगंगानगर में 39.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया राज्य में सर्वाधिक न्यूनतम तापमान श्रीगंगानगर में 30.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

आज आएंगे अर्जुनराम मेघवाल

बीकानेर,। केंद्रीय कानून एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल 29 जून को प्रातः 7:20 बजे बीकानेर रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे। मेघवाल सुबह 10.30 बजे बज्जू तेजपुरा में पुस्तकालय का उद्घाटन और डीएमएफटी योजना अंतर्गत स्वीकृत कार्यों का शिलान्यास करेंगे। सुबह 11 बजे बज्जू में मेघवाल समाज धर्मशाला एवं छात्रावास में आयोजित मेघवाल समाज के द्वितीय महासम्मेलन में शिरकत करेंगे। साथ ही विभिन्न कार्यक्रमों और बैठकों में भागीदारी निभाएंगे। मेघवाल रात्रि 10:20 बजे रेल मार्ग से दिल्ली सराय रोहिल्ला के लिए प्रस्थान करेंगे।

कीटनाशक से मौत

श्रीगंगानगर। जिले में बीते 24 घंटों के दौरान कीटनाशक का सेवन करने से तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मुकलावा थाना क्षेत्र में चक 24 एमनी ठंडी निवासी पंकज नामक युवक ने पीबीएम अस्पताल में दम तोड़ दिया।।

रेजिडेंट्स की हड़ताल से सिर्फ इमरजेंसी ऑपरेशन

बीकानेर, (कासं)। उदयपुर के रेजिडेंट डॉक्टर की करंट लगने से हुई मौत के विरोध में बीकानेर में रेजिडेंट डॉक्टर्स की हड़ताल जारी रही। इसका सीधा असर पीबीएम अस्पताल की चिकित्सा सेवाओं पर पड़ा जहां केवल इमरजेंसी ऑपरेशन किए जा रहे हैं। नियमित ऑपरेशन स्थगित हैं।

बीकानेर के सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज से संबद्ध पीबीएम अस्पताल में 500 से अधिक रेजिडेंट डॉक्टर्स कार्यरत हैं। रेजिडेंट्स के हड़ताल पर जाने से ओपीडी से लेकर वार्डों और ऑपरेशन थियेटर तक सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। सर्जरी, न्यूरो, हड्डी, यूरोलॉजी, ईएनटी व डेंटल विभागों में मरीज भर्ती तो हो रहे हैं लेकिन ऑपरेशन स्थगित कर दिए गए हैं। सिर्फ गंभीर मरीजों का इलाज और आवश्यक ऑपरेशन किए जा रहे हैं। सीएमएचओ डॉ. पुखराज साध की ओर से भेजे गए डॉक्टर्स ने अस्पताल में ज्वॉइन करना शुरू कर दिया है। वरिष्ठ चिकित्सकों को वार्ड और ओपीडी की जिम्मेदारी दी गई है। मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. गुंजन सोनी ने कहा कि जरूरी ऑपरेशन हो रहे हैं। मरीजों की परेशानी को कम करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है।

पीबीएम प्रशासन ने ट्रोमा सेंटर के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं ताकि आपातकालीन मरीजों को बिना बाधा इलाज मिल सके। पीबीएम में स्वास्थ्य सेवाएं रेजिडेंट डॉक्टर्स की अनुपस्थिति में काफी प्रभावित हैं, लेकिन वरिष्ठ डॉक्टरों और प्रशासन की कोशिश है कि गंभीर मरीजों की जान बचाने में कोई कोताही ना हो। अब निगाहें सरकार और रेजिडेंट्स के बीच वार्ता पर टिकी हैं।

संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा ने पीबीएम अस्पताल और मेडिकल कॉलेज परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने वार्ड और हॉस्टल की व्यवस्थाएं देखी और निर्देश दिए कि हड़ताल का असर मरीजों के इलाज पर न पड़े। उधर रेजिडेंट्स डॉक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. सचिन देसाई ने कहा कि उदयपुर में साथी डॉक्टर की मौत को सात दिन बीत चुके हैं, लेकिन सरकार ने अभी तक कोई वार्ता नहीं की। उन्होंने चेताया कि सरकार गंभीर नहीं हुई तो आंदोलन तेज किया जायेगा।

■ रेजिडेंट्स के हड़ताल पर जाने से ओपीडी से लेकर वार्डों और ऑपरेशन थियेटर तक सेवाएं प्रभावित हो रही हैं

दहेज प्रताड़ना में तीन साल की सजा

बीकानेर, (कासं)। अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या एक ने दहेज प्रताड़ना के मामले में ससुराल पक्ष के पांच आरोपियों को दोषी मानकर 3 साल का कारावास और 5000 रूपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

पीड़िता शमीम की ओर से एसपी के समक्ष पेश होकर रिपोर्ट दी गई थी कि 19 नवम्बर, 2004 को उसका निकाह रामपुरा बस्ती निवासी अतराउर्रहमान के साथ हुआ था। शादी के बाद उसके ससुराल वाले पति, जेठ जियाउर्रहमान, देवर हबीबुर्रहमान, ससुर नूर समद, सास शमीम बानो दहेज के लिए उसे परेशान करने लगे। इस दौरान दो बार मारपीट के कारण गर्भपात हो गया। बाद में उसने दो बच्चों को जन्म दिया। लेकिन ससुराल वाले परेशान करते रहे। 4 मई, 2010 को पति ने शराब पीकर मारपीट की और घर से निकाल दिया।

आर्मी एरिया में ले. कर्नल के बेटे ने फांसी लगाई

बीकानेर, (कासं)। सदर थाना पुलिस ने बताया कि 524 सेना सेवा कोर संगठन में ले. कर्नल विकास लाम्बा विकास ट्रेनिंग के लिए बेंगलुरू गए थे। आर्मी एरिया के सलारिया एन्क्लेव में उनके घर में पत्नि और युवा बेटा विशिष्ट लाम्बा ही थे। कर्नल की पत्नि सो रही थी। इस दौरान विशिष्ट ने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

उसकी मां की आंख खुली तो बेटे को लटके देखा। उसे आर्मी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सदर पुलिस थाने में मर्ग दर्ज की गई है।

संदिग्ध हालात में मिला युवक का शव : बीकानेर के राष्ट्रीय राजमार्ग 11 पर बीकानेर से नौरंगदेसर के बीच रात्रि को एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही नापासर थानाधिकारी लक्ष्मण सुथार पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। थानाधिकारी लक्ष्मण सुथार ने बताया कि रात करीब 10 बजे सूचना मिली कि सड़क किनारे एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा है। मौके पर पहुंचने पर व्यक्ति मृत अवस्था में मिला। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत हुई है। हालांकि अन्य पहलुओं से भी जांच की जा रही है। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। शव को नापासर अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया गया है।

■ ले. कर्नल विकास लाम्बा विकास ट्रेनिंग के लिए बेंगलुरू गए थे, पीछे से बेटे ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली

रेत के टीलों से 205 ग्राम अफीम बरामद

नोखा, (कासं)। नोखा वृत के पांचू थाना क्षेत्र में पुलिस ने अफीम जब्त करने के मामले में कार्रवाई की।

जिला पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सिंह के निर्देश पर भारतमाता के पास नाकेबंदी की। इस दौरान एक वाहन चालक पुलिस को देखकर प्लास्टिक की थैली फेंककर फरार हो गया। थैली के फटने से अफीम सड़क पर बिखर गई। पुलिस ने आसपास के रेत के टीलों की तलाशी ली और वहां से 205 ग्राम अफीम बरामद की। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। इस कार्रवाई में हैड कांस्टेबल रामनिवास, पप्पूराम, सुनील और जगदीश शामिल रहे।

प्रतिभाओं को सम्मानित करने से दूसरों को प्रेरणा मिलती है : मुनि कमल

बीकानेर, (कासं)। तेरापंथ महिला मंडल गंगाशहर द्वारा उग्र विहारी तपों मूर्ति मुनि कमल कुमार एवं मुनि श्रेयांस कुमार के सानिध्य में आचार्य तुलसी शिक्षा परियोजना के अंतर्गत तत्व ज्ञान एवं तत्वविज्ञ परीक्षार्थी, विहार सेवा करने वाली बहनों का तथा निबंध प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया।

मुनि कमल कुमार ने प्रेरणा पाथेय दिया कि तत्वज्ञान अर्जित करना बड़ी बात नहीं है। बड़ी बात है उसे सीखकर दूसरों को सिखाएं और स्वयं अपने जीवन में धारण करें।

मुनि ने कहा कि हमें आचार्य तुलसी के प्रति कृतज्ञ होना चाहिए। जिन्होंने हमारे धर्मसंघ में साध्वियों तथा बहनों को शिक्षित करने का बीड़ा उठाया और आज हम यह जो नज़ारा देख रहे हैं।

उन्हीं के परिश्रम का फल है। अध्यक्षा संजू लालानी ने सभी का स्वागत किया तथा अपने तत्व ज्ञान से जुड़ने के 9 वर्ष का अनुभव साझा किया। प्रदीप ललवानी और रेखा चोरडिया ने अपने अनुभव साझा किये तथा सभी से निवेदन किया कि अपने जीवन में कुछ समय स्वाध्याय में नियोजित करें।

तत्वज्ञान प्रभारी चंचल चोरडिया ने बताया कि गत वर्ष में रेखा चौरडिया ने तत्व ज्ञान भाग 2 में अखिल भारतीय स्तर पर प्रथम स्थान तथा प्रदीप ललवानी व विनीता नाहटा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जो गंगाशहर के लिए गौरव की बात है।

तत्व विज्ञ बनने वाली वाली दो बहनें रक्षा बोथरा , शारदा छाजेड़ का अभिनंदन भी तेरापंथ महिला मंडल द्वारा किया गया। तत्वज्ञान की परीक्षा देने वाले सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया।

इसी के साथ 'भविष्य में पानी या हमारा जीवन पानी - पानी' विषय पर निबंध प्रतियोगिता में सुप्रिया राखेचा, रेखा चौरडिया, कमलेश सामसुखा ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। इनका तथा भाग लेने वाली सभी प्रतिभागियों पुरस्कृत किया गया। सालों से विहार सेवा में आशा देवी बैद, शायर देवी पुगलिया, कांता देवी बोथरा ,बरजी देवी चोपड़ा, मंजू देवी ,किरण देवी आंचलिया आदि बहनें अपना श्रम, समय नियोजित करती आ रही है। शायर देवी पुगलिया ने अपने विचार रखें । इन सभी बहनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन तेरापंथ महिला मंडल मंत्री मीनाक्षी आंचलिया के द्वारा किया ।

तेरापंथ महिला मण्डल की ओर से आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में निबंध प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।

MANAPPURAM FINANCE LTD.

CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

निलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16.07.2025 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुनः सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :

बीकानेर, आदर्श कॉलोनी, 117680700024447, 117680730050592, 1117, 1340, 1425, 1545, 1563, 1573, 1614, 1635, 1636, 1637, 1638, 1661, 1678, 1682, 1708, 1724, 1832, 1850, 1851, 1873, 1901, नोखा, 135170700015313, 5323, 135170730039223, 9278, 9279, 9305, 9423, 9453, 9518, 9542, 9552, 9557, 9574, 135170780000091, 0096, पंच शती सर्कल, 115300700029350, 9401, 9402, 9459, 9470, 115300730079827, 115300730080108, 0178, 0233, 0446, 0472, 0598, 0608, 0627, 0668, 0702, 0703, 0704, 0705, 0706, 0719, 0750, 0763, 0787, 0788, 0793, 0795, 0796, 0797, 0807, 0815, 0826, 0834, 0882, 0921, 0922, 0928, 115300750000379, श्री डुंगरगढ, 135300700014311, 135300730039870, 9934, 135300730040046, 0104, 0131, 0159, 0181, 0197, 0209, 0212, 0240, 0245, 0258, 0259, 0272, 0332, 135300780000095, गंगानगर, रायसिंह नगर, 135100700038103, 8107, 8108, 8109, 8179, 8193, 8226, 8229, 135100730043501, 3588, 3626, 3646, 3651, 3701, 3718, 3737, 3738, 3739, 3740, 3746, 3775, 3826, 3845, 3848, 3926, 3927, 3949, रविन्द्र पथ, 117420700037759, 7795, 7813, 7819, 7820, 7851, 7854, 7864, 7884, 7924, 7936, 7938, 7941, 117420730042926, 3097, 3165, 3293, 3357, 3383, 3448, 3498, 3531, 3565, 3566, 3568, 3574, 3575, 3587, 3678, 3702, सुखाड़िया सर्कल, 117490700022010, 2085, 117490730024534, 4583, 4693, 4694, 4697, 4783, 4788, 4796, 117490780000085, सूरतगढ राजस्थान, 135560700025841, 5852, 5877, 5881, 5901, 5984, 6001, 6059, 6071, 6087, 6088, 6098, 6121, 6158, 135560730054624, 4674, 4959, 5097, 5149, 5242, 5259, 5273, 5278, 5326, 5365, 5375, 5396, 5401, 5406, 5436, 5437, 5438, 5440, 5462, 5471, 5472, 5478, 5479, 5491, 5495, 5496, 5506, 5507, 5508, 5510, 5511, 5512, 5513, 5519, 5528, 5549, 5554, 5564, 5575, 5606, 5607, 5620, 5623, 5628, 5654, 5662, 5663, 5673, 5675, 5679, 5685, 5710, 5733, 5739, 5753, 5756, 5800, 5810, 5823, 5841,

उपरोक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को निम्नलिखित का पालन करना होगा:- इच्छुक बोलीकर्ताओं को ईएमडी के रूप में रू.10,000/- नीलामी के दिन नकद जमा कराना होगा (असफल बोलीकर्ताओं को बाद में लौटा दिया जाएगा). बोलीकर्ता को वैध पहचना प्रमाण/पैन कार्ड साथ लेकर आना होगा. अधिक जानकारी के लिए कृपया 8089292353 पर संपर्क करें.

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.

कार्यालय ग्राम पंचायत खोखर
पंचायत समिति परबतसर (डीडवाना-कुचामन)

क्रमांकः-ग्राप/2025-26/58 दिनांकः-25.6.2025

ई-निविदा सूचना 01/2025-26

ग्राम पंचायत खोखर पंचायत समिति परबतसर के लिये वित्तीय वर्ष 2025-2026 में मनरेगा व ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की अन्य योजनाओं में कराये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिये निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु सक्षम श्रेणी के संवेदकों व विनिर्माताओं से ई-निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेब पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदाऐं निर्धारित दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोजी जायेगी।

NIB-ZNR2526A0537
UBN-ZNR2526GLRC00634

ग्राम विकास अधिकारी — सरपंच
ग्राम पंचायत खोखर — ग्राम पंचायत खोखर
पंचायत समिति परबतसर — पंचायत समिति परबतसर

गंगनहर में बढ़ा पानी, 2000 क्यूसेक पानी छोड़ा गया

श्रीगंगानगर, (कासं)। गंगनहर में पिछले कई दिनों से पानी की आवक को लेकर चल रहे आंदोलन के बाद अब गंगनहर में पानी की मात्रा बढ़ी है। जिसको लेकर किसानों को राहत मिलने की उम्मीद है।

गौरतलब है कि पिछले कई दिनों से गंगनहर में पानी की मात्रा कम होने के चलते टेल तक पानी नहीं पंहुच रहा था। ऐसे में बिजाई प्रभावित हुई है। जिलेभर के किसान संगठनों द्वारा गंगनहर में पानी की मात्रा में बढ़ोतरी की मांग कर रहे हैं। सिंचाई विभाग एसई धीरज चावला ने बताया कि पंजाब क्षेत्र में मानसून की सक्रियता से हो रही बारिश के कारण पंजाब क्षेत्र में पानी की मांग कम होने से पानी की मात्रा बढ़कर 2000 क्यूसेक हो गई है। आगामी दिनों में बीकानेर कैनाल में पानी की और बढ़ोतरी होने से गंगनहर क्षेत्र के काश्तकार लाभान्वित होंगे। एसई धीरज चावला ने बताया कि 25 जून को पंजाब एवं राजस्थान के प्रशासनिक, पुलिस एवं जल संसाधन विभाग के मध्य हुई वार्ता में गंगनहर में पानी बढ़ोतरी के संबंध में पानी चोरी रोकने के लिए आपसी समन्वय एवं निरीक्षण पर सहमति हुई। पंजाब एवं राजस्थान क्षेत्र में गश्ती दलों का गठन कर निरन्तर वॉचिंग की जा रही है।

गंगनहर में सिंचाई पानी की मांग को लेकर हर वर्ष किसानों का आंदोलन होता है। ऐसे में सरकार द्वारा इस समस्या का स्थायी समाधान करने प्रयास जारी हैं। इसी को लेकर पंजाब एवं राजस्थान सरकार स्तर पर हुई वार्ता में फिरोजपुर फीडर के पुर्ननिर्माण की औपचारिकताएं शीघ्र पूर्ण कर इसी वित्तीय वर्ष में कार्य आरम्भ किये जाने के प्रयास किये जा रहे हैं ताकि आगामी वर्षों में गंगनहर में पानी की विकट स्थिति उत्पन्न ना हो।

होमी भाभा विज्ञान शिक्षा केंद्र टाटा
मूलभूत अनुसंधान संस्थान
गणित में भारतीय ओलंपियाड क्वालीफायर (IOQM) 2025-26

भारतीय राष्ट्रीय गणितीय ओलंपियाड (आईएनएमओ) 2026 में भाग लेने के इच्छुक सभी छात्रों को 7 सितंबर, 2025 को गणित में संबंधित भारतीय ओलंपियाड क्वालीफायर परीक्षा (आईओक्यूएम) के लिए उपस्थित होना होगा। आईओक्यूएम में अर्हता प्राप्त करना भारतीय टीम के आधिकारिक सदस्य के रूप में 2026 के अंतर्राष्ट्रीय गणितीय ओलंपियाड (आईएमओ) और यूरोपीय गर्ल्स मैथमेटिकल ओलंपियाड (ईजीएमओ) 2027 में भागीदारी की दिशा में पहला कदम है।

अधिक जानकारी और नामांकन के लिए लिंकः https://olympiads.hbcse.tifr.res.in & https://www.mtai.org.in/

पंजीकरण सीधे संबंधित केंद्रों पर किया जा सकता है। वैकल्पिक रूप से, पंजीकरण 1 जुलाई 2025 से https://ioqmexam.in/ पर ऑनलाइन किया जा सकता है। अंतिम तिथिः 26 जुलाई 2025

CBC 48143/12/0003/2526